02
लोक सम्पर्क एवं परिवाद समिति की मासिक बैठक में हुई एसपी के कार्य की जमकर सराहना

आज समाज

www.aajsamaaj.com
वार, 28 अप्रैल, 2022
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र
शक सं

फरीदाबाद में कोविड-19 के 85 पॉजीटिव नए मामले

अग्रवाल महाविद्यालय में लगा विशाल रक्तदान शिविर

आज समाज नेटवर्क

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के दोनों संभागों में रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ईस्ट व भारतीय चिकित्सक संघ फरीदाबाद के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । रक्तदान करें, जीवन बचाएं कार्यक्रम काशुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीपशिखा प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत शिविर के संरक्षक व आयोजक डॉ कृष्णकांत गुप्ता के स्वागत भाषण से हुई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जितेंद्र यादव जिला उपायुक्त, फरीदाबाद रहे। उन्होंने अपने सम्भाषण में कहा कि समाज में असली हीरो वे ही हैं जो दूसरों के लिए रक्तदान करते हैं और इस शिविर के आयोजन पर बधाई दी। उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुएअधिक से अधिक मात्रा में रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि किसी भी अच्छे कार्य की शुरूआत अपने घर से होती है । लोग बदलेंगे, समाज बदलेगा और देश बदलेगा। शिविर में लगभग 288 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। डॉ वासुदेव गुप्ता, समाजवादी और उपाध्यक्ष, अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा बल्लबगढ़ ने विशाल रकदान शिविर कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस अवसर पर मनीष नरवाल, अंतर्राष्ट्रीय पैरालम्पिक शूटर को एक लाख इक्यावन हजार रुपए देकर अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा द्वारा सम्मानित किया गया। इस शिविर में योगदान करने वाले गणमान्य व्यक्तियों का भी आभार व्यक्त किया गया।

इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ विनय गुप्ता, सीएमओ, मुख्य चिकित्साअधिकारी, फरीदाबाद रहे। उन्होंने अपने विचारों से अवगत करते हुए कहा कि हमें रक्तदान बार-बार करना चाहिए द्व यह शरीर के लिए बेहद जरुरी है। रोटेरियन एचएल भूटानी, जिला निदेशक, रक्तदान फरीदाबाद, रोटेरियन तरुण गुप्ता, सनदी लेखाकार परियोजना प्रभारी, रोटेरियन कुलवीर सचदेवा, माननीय सचिव रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ईस्ट, डॉ दिनेश गुप्ता, अध्यक्ष, भारतीय चिकित्सक संघ, फरीदाबाद, डॉ नवनी गर्ग, कोषाध्यक्ष, भारतीय चिकित्सक संघ, फरीदाबाद भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर रक्तदान के क्षेत्र में विशेष कार्य करने के लिए निम्न विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। जिनमें जगजीत सिंह लांबा, डॉ एमपी सिंह, महेंद्र महतानी,डॉ अरुण कुमार सिंघल, डॉ जयपाल सिंह, डॉ प्रवीण गुप्ता, विकास, विमल खंडेलवाल, संजय वाधवानी और महेश थे। इस रक्तदान शिविर का आयोजन डॉ जयपाल सिंह, अध्यक्ष, वाईआरसी व डॉ प्रवीण गुप्ता की देखरेख में किया गया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से कमल टंडन, डॉ केएल कौशिक, डॉ मनोज शुक्ला, डॉ नरेश कमरा, डॉ अशोक निराला, डॉ देवेन्द्र, सुभाष और मनमोहन सिंगला की अहम भूमिका रही।

रक्तवीरों को हौसल्ला अफजाई करते हुए। (फोटो विशाल त्रिवेदी)